## करेंट अफेयर्स 24 मई:जस्टिस आर महादेवन ने मद्रास हाईकोर्ट में पदभार संभाला, 15 वर्षीय प्रतिस्मिता ने 133 किग्रा. वजन उठाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

ICC ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए शाहिद आफरीदी को ब्रांड एम्बेसडर बनाया। कांस फिल्म फेस्टिवल में मैसूर के फिल्ममेकर को अवॉर्ड मिला। वहीं, कमल किशोर ने यूनाइटेड नेशंस में SRSG पद संभाला।

आइए आज के ऐसे ही प्रमुख करेंट अफेयर्स पर नजर डालते हैं, जो सरकारी नौकरियों की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स के लिए अहम हैं…

### नियुक्ति (APPOINTMENT)

**1. जस्टिस आर महादेवन ने मद्रास हाईकोर्ट में पदभार संभाला:** 24 मई को जस्टिस आर महादेवन ने मद्रास हाईकोर्ट में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने चीफ जस्टिस संजय वी गंगापुरवाला की जगह ली, जो 23 मई को रिटायर्ड हुए।

- केंद्र सरकार ने 22 मई को अधिसूचना जारी कर जस्टिस आर महादेवन की नियुक्ति की घोषणा की थी।
- 2013 में महादेवन को मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस के तौर पर नियुक्त किया गया।
- आर महादेवन ने जस्टिस रहते हुए लगभग 9,000 केसों का निपटारा किया।
- वह तमिलनाडु सरकार के लिए एडिशनल गवर्नमेंट लॉयर के रूप में काम कर चुके हैं।
- उन्होंने मद्रास लॉ कॉलेज से कानून में ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की थी।

### स्पोर्ट्स (SPORTS)

**2. ICC ने शाहिद आफरीदी को ब्रांड एम्बेसडर बनाया:** 24 मई को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने पाकिस्तान के दिग्गज क्रिकेटर शाहिद आफरीदी को आगामी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया। आफरीदी से पहले ICC युवराज सिंह, क्रिस गेल और उसेन बोल्ट को टी-20 वर्ल्ड कप के लिए एम्बेसडर बना चुकी है।

- शाहिद आफरीदी पाकिस्तान के पूर्व कप्तान भी रह चुके हैं।
- वह टी-20 वर्ल्ड कप 2009 में पाकिस्तान टीम का हिस्सा थे।
- 2007 में पाकिस्तान ने श्रीलंका को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप जीता था।
- शाहिद ने अपने करियर में 34 टी-20 वर्ल्ड कप मैच खेले हैं।
- इसमें उन्होंने 18.82 औसत के साथ 546 रन बनाए और 39 विकेट लिए।
- शाहिद आफरीदी ने चार विकेट हॉल भी हासिल किए हैं।

**3. झारखंड की प्रतिस्मिता ने वेटलिफ्टिंग में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया:** 23 मई को स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (SAI) के मुताबिक साउथ अमेरिका के पेरू में वर्ल्ड यूथ वेलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2024 भारतीय वेटलिफ्टर्स ने गोल्ड मेडल्स जीते। 15 साल की स्टार वेटलिफ्टर प्रतिस्मिता भोई ने 40 किलोग्राम महिला वेटलिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीता।

- प्रतिस्मिता भोई ने क्लीन एंड जर्क में 76 किग्रा. वेट उठाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।
- स्नैच वेटलिफ्टिंग में प्रतिस्मिता ने 57 किलोग्राम वेट उठाया।
- ज्योसना सबर ने स्नैच में 56 किग्रा. और 69 किग्रा. वेट उठकार सिल्वर मेडल जीता।
- पायल ने 45 किग्रा. महिला वर्ग में भारत के लिए सिल्वर मेडल हासिल किया।
- पुरुषों में 49 किग्रा. कैटेगरी में बाबूलाल हेमब्रोम ने कुल 193 किग्रा. उठाकर ब्रॉन्ज जीता।

### अवॉर्ड (AWARD)

www.examsbuddy.in | www.examsbuddy.in

Follow Us on: WhatsApp | Telegram | Facebook | YouTube

**4. कांस फिल्म फेस्टिवल में मैसूर के फिल्ममेकर को अवॉर्ड मिला:** 23 मई को 77वें कांस फिल्म फेस्टिवल में मैसूर के फिल्ममेकर चिदानंद एस. नाइक की फिल्म 'सनफ्लावर्स वर द फर्स्ट वन्स टु नो' को ला सिनेफ फर्स्ट प्राइज दिया गया। इस फिल्म को फिल्ममेकर चिदानंद एस. नायक ने पुणे के फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के टीवी विंग में एक साल की पढ़ाई के बाद बनाया था।

- ये फिल्म कन्नड़ लोक कथा पर आधारित है, जो एक ऐसी बुजुर्ग महिला के बारे में है जो मुर्गियां चुराती है।
- बुजुर्ग महिला की गलतियों की सजा उसके बेटे को मिलती है, जिसका गांव में उठना-बैठना बंद करवा दिया जाता है।
- इस कैटेगरी में भारत की मानसी माहेश्वरी की एनिमेशन फिल्म 'बनीहुड' ने तीसरा पुरस्कार हासिल किया।
- उत्तर प्रदेश के मेरठ में जन्मीं मानसी ने NIFT से पढ़ाई करने के बाद UK की नेशनल फिल्म एंड टेलीविजन स्कूल से पढ़ाई की थी।
- पढ़ाई के दौरान ही मानसी ने एनिमेटेड फिल्म 'बनीहुड' बनाई थी।
- दूसरे स्थान पर कोलंबिया यूनिवर्सिटी की डायरेक्टर एस. अस्या सेगालोविच की फिल्म 'आउट ऑफ द विंडो थ्रू द वॉल' और ग्रीक की यूनिवर्सिटी आरिस्टोटल के स्टूडेंट निकोस की फिल्म 'द काओस शी लेफ्ट बिहाइंड' रही।
- कांस फिल्म फेस्टिवल की तरफ से मैसूर से ला सिनेफ कैटेगरी के विजेता रहे चिदानंद को 15000 यूरो (13 लाख 48 हजार रुपए) दिए गए।
- दूसरे स्थान पर रहीं एस. अस्या और निकोल को 11250 यूरो (10 लाख रुपए) मिले।
- तीसरे स्थान पर रहीं मानसी माहरेश्वरी को 7500 यूरो (6 लाख 74 हजार रुपए) दिए गए हैं।
- सभी फिल्मों की स्क्रीनिंग 3 जून को सिनेमा डु पेंथिएन और 4 जून को MK2 क्वाई दे सिएन में होगी।

## नियुक्ति (APPOINTMENT)

**5. कमल किशोर ने यूनइटेड नेशंस में SRSG पद संभाला:** 23 मई को यूनाइटेड नेशंस ऑफिस फॉर डिजास्टर रिस्क रिडक्शन (UNDRR) के मुताबिक भारतीय अधिकारी कमल किशोर ने स्पेशल रिप्रेजेंटेटिव ऑफ द सेक्रेटरी जनरल (SRSG) का कार्यभार संभाला। वह यूनाइटेड नेशंस (UN) महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के विशेष प्रतिनिधि के रूप में काम करेंगे।

- कमल किशोर को जापान के मामी मिजुटोरी की जगह नियुक्त किया।
- वह नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (NDMA) के सचिव हैं।
- कमल के पास आपदा जोखिम न्यूनीकरण में लगभग 30 सालों का एक्सपीरियंस है।
- उन्होंने गवर्नमेंट, यूनाइटेड नेशंस और सिविल सोसाइटी ऑर्गेनाइजेशन में भी काम किया।
- कमल ने जेनेवा, नई दिल्ली और न्यूयॉर्क में यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (UNDP) के साथ 13 साल काम किया है।

## आज का इतिहास (TODAY'S HISTORY)

**24 मई का इतिहास:** 1920 में आज के दिन ही अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी स्थापना हुई थी। आधुनिक भारत के निर्माताओं में से एक सर सैयद अहमद खान ने 1877 में एक स्कूल की स्थापना की थी, जो बाद में मुस्लिम एंग्लो ओरिएंटल कालेज बना। फिर 1920 से अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के रूप में जाना जाता है। यह भारत की प्रमुख केंद्रीय यूनिवर्सिटीज में से एक है, जो उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में स्थित है।

- 2004 में नॉर्थ कोरिया में मोबाईल फोन पर प्रतिबंध लगाया गया था।
- 1986 में मार्गरेट थैचर इजराइल का दौरा करने वाली ब्रिटेन की पहली प्रधानमंत्री बनी थीं।
- 1959 में साम्राज्य दिवस का नाम बदलकर राष्ट्रमंडल दिवस किया गया था।
- 1883 में ब्रुकलिन और मैनहट्टन को जोड़ने वाले ब्रुकलिन ब्रिज को यातायात के लिए खोला गया था।
- 1689 में ब्रिटिश संसद ने प्रोटेस्टेंट ईसाइयों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी दी थी।